कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थानों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जिनकी मुख्य वार्षिक परीक्षा सम्पादित कराई गई है, को सूचित किया जाता है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय की स्नातक वार्षिक पद्धति (प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष) की सुधार परीक्षाऐं दिनांक 09–08–2024 से प्रस्तावित है। उक्त पाठ्यक्रमों की सुधार परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु पोर्टल दिनांक 01 अगस्त 2024 तक खोला गया था।

तद्क्रम में संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र अद्यतन तिथि तक नहीं भरा गया है। अतः सन्दर्भित सुधार परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु व्यापक छात्रहित में अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए पोर्टल **दिनांक 08–08–2024 को रात्रि 12:00 बजे** तक एक दिन के लिए पुनः खोला जा रहा है।

वार्षिक सुधार परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि **दिनांक 08–08–2024 को रात्रि 12:00 बजे तक** परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क विश्वविद्यालय की वैबसाईट के माध्यम से भरना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2024 / मैमो. दिनांकः 07–08–2024

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 08–08–2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
दैनिक जागरण, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालय / संस्थान स्तर पर सन्दर्भित विद्यार्थियों उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
3– कुलसचिव, कु0वि0वि0 नैनीताल।
4– सम्बद्ध ऐजेन्सी कु0वि0वि0 नैनीताल।
5– ई0आर0पी प्रभारी, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।
6– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक